# ग्वालियर मेला केवल मेला नहीं एक संस्कृति और सभ्यता : चौहान

## ग्वालियर मेला में आटो मोबॉइल की खरीदी पर रोड टैक्स में 50 प्रतिशत छूट

भोपाल (काप्र) ।

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि ग्वालियर मेला केवल मेला नहीं एक संस्कृति और सभ्यता है, जो हजारों सालों से हमारे देश की परम्परा रही है। यह मेला एक अद्भुत समागम है जहाँ एक स्थान पर हर प्रकार की वस्तुएँ खरीदने का मौका मिलता है।**

उन्होंने कहा कि ग्वालियर मेला आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश की अवधारणा का प्रतीक है। यह मेला ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री श्री चौहान श्रीमंत माधवराव सिंधिया व्यापार मेला ग्वालियर कास्टेट हैंगर भोपाल सेवर्चुअली शुभारंभ कर रहे थे। ग्वालियर से केंद्रीय कृषि एवं किसान-कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, राजस्व एवं परिवहन मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सहित अन्य जन-प्रतिनिधि वर्चुअली उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह मेला व्यापारियों की जिंदगी बदलने का माध्यम है। मेला में प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलता है, जिससे हजारों लोग लाभान्वित होते हैं। हमने तय किया है कि मेला में ऑटो मोबाइल की खरीदी पर रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट देंगे। मुख्यमंत्री ने ग्वालियर अंचल की जनता और व्यापारियों को शुभकामनाएँ दी। उन्होंने मेले को बेहतर बनाने में योगदान देने के लिए आयोजकों को बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ग्वालियर अब तेजी से प्रगति पथ पर अग्रसर है। ग्वालियर में कई महत्वपूर्ण संस्थान हैं। महिलाओं, बच्चों और आम नागरिक के लिए खरीददारी के लिए ग्वालियर मेला महत्वपूर्ण रहेगा।

# जनता का अभियान बने गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम : मुख्यमंत्री

## चौहान ने जबलपुर के गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा की

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम जनता का अभियान बने। जनता के सहयोग से गणतंत्र दिवस के पूर्व विशेष अभियान चला कर विकास कार्य और जन-कल्याण के लिए कार्यक्रम हों। मुख्यमंत्री श्री चौहान निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से जबलपुर में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री जबलपुर में गणतंत्र दिवस समारोह के कार्यक्रम में शामिल होंगे। अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन श्री विनोद कुमार उपस्थित थे। सांसद श्री राकेश सिंह, कमिश्नर और कलेक्टर जबलपुर से बैठक में वर्चुअली शामिल हुए।

श्री चौहान ने कहा कि जबलपुर शहर सहित जिले का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जबलपुर में स्मार्ट सिटी के कार्य तेज गति से चलें। विकास कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास और जन-कल्याण कार्यों के लिये अभियान चलायें। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान में विकास कार्यों को युद्ध स्तर पर करने की पूरी तैयारी कर ली जाए। मैं स्वयं निरीक्षण करने जबलपुर आऊँगा। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के पूर्व जब मैं आऊँगा तो नागरिकों के साथ भी बैठक करूँगा। नागरिकों को जोड़ कर विकास और जन-कल्याण के कार्य किए जाएँ। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर जबलपुर से गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की जानकारी ली। बताया गया कि 15 दिवसीय विशेष अभियान 10 से 25 जनवरी तक चलेगा। समस्त शासकीय भवनों की मरम्मत, पुताई एवं सौंदर्यीकरण होगा। सड़कों का सुधार कार्य होगा और विभिन्न गतिविधियाँ होंगी।

# श्नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण हमारी प्राथमिकता : महापौर

## शिकायतकर्ताओं से फोन पर लिया फीडबैक

भोपाल (काप्र) ।

**महापौर श्रीमती मालती राय ने कहा है कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण हमारी प्राथमिकता है। मैनें जो शहर के नागरिकों से वादा किया था उसको पुरा करते हुए महापौर हेल्पलाइन की शुरूआत की है और नागरिकों की समस्याओं/शिकायतों को तत्काल निराकृत करने में भी हमें सफ्लता मिली है।**

श्रीमती राय ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम और अधिक बेहतर ढंग से नागरिकों की समस्याओं का समाधान करें और इसके लिए हम अधिकारियों से भी विचार-विमर्श कर रहे हैं। महापौर श्रीमती राय ने उक्त विचार शहर की माता-बहनों को नए साल की सौगात के रूप में दी गई महापौर हेल्पलाइन के प्रथम सप्ताह में प्राप्त शिकायतों एवं उनके निराकरण की समीक्षा के दौरान व्यक्त किए।

महापौर श्रीमती राय ने अनेक शिकायतकर्ताओ से स्वयं फोन पर बातचीत कर समस्याओं के निराकरण के संबंध में फीडबैक लिया। इस दौरान अनेक नागरिकों ने उनकी समस्याओं के संतोषजनक निराकरण होने के संबंध में महापौर श्रीमती राय को अवगत भी कराया। समीक्षा के दौरान महापौर ने अधिकारियों को निदेज़्शित किया कि जिन समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ है उन्हें शीघ्र अति शीघ्र निराकृत करें तथा अन्य जो भी शिकायतें प्राप्त होती है उनका 24 घंटे के अंदर निराकरण सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य अशोक वाणी सहित निगम अधिकारी मौजूद थे।

महापौर श्रीमती मालती राय ने शनिवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय स्थित काल सेंटर पहुंचकर महापौर हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों एवं उनके निराकरण हेतु की गई कार्यवाही की समीक्षा की। समीक्षा में अवगत कराया गया कि गत् 7 दिनों में 46 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 36 शिकायतों का निराकरण त्वरित गति से किया गया है।

शेष समस्याओं में कुछ परिवारिक समस्याएं हैं तथा कुछ आपसी समन्वय की कमी के कारण उत्पन्न हुई है या जिनके निराकरण थोड़ा समय लगेगा। समीक्षा के दौरान महापौर श्रीमती राय ने अनेक शिकायतकर्ताओं से फोन पर बातचीत की और समस्याओं के संतोषजनक निराकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा महापौर हेल्पलाइन प्रारंभ किए जाने पर नागरिकों से उनके अनुभव के बारे में भी जाना।

एक परिवारिक शिकायत के निराकरण हेतु महापौर श्रीमती राय ने जहांगीराबाद थाना प्रभारी से भी संपर्क करने का प्रयास किया परंतु उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि महापौर हेल्पलाइन सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली नागरिकों की समस्याओं/शिकायतों को त्वरित गति से निराकृत किया जाना सुनिश्चित करें।

### मानस भारती के विषेषांक का विमोचन- मानस भवन में संपन्न

भोपाल ( काप्र ) । तुलसी मानस प्रतिष्ठान की मासिक मुख पत्रिका तुलसी मानस भारती के वाषिज़्कांक जो श्री लक्ष्मण चरित्र पर आधारित है, का विमोचन कायाज़्ध्यक्ष श्री रघुनंदनषमाज़् के करकमलों द्वारा हुआ।

इस अवसर पर संयोजक श्री राजेन्द्रषमाज़्, सचिव श्री कैलाष जोषी पत्रिका के प्रधान संपादक श्री प्रभुदयाल मिश्र, संपादक श्री देवेन्द्र कुमार रावत, श्री राजकिषोर भागज़्व उपस्थित थे। वाषिज़्क विषेषांक में श्री लक्ष्मण के चरित्र पर आधारित विद्वानों के विषिष्ट लेख है। इसमें श्रीरामचरितमानस के अलावा वाल्मीकि रामायण एवं अन्य रामायणों से लक्ष्मण जी के चरित्र को आधार बनाकर विद्वानों के लेख सम्मिलित किये गये है। उल्लेखनीय है कि संपूणज़् देष में तुलसी मानस भारती पत्रिका का यह सतत प्रकाषन का 50 वां वषज़् है। तथा प्रतिवषज़् मासिक अंकों के साथ माह जनवरी में एक विषिष्ट विषय को लेकर विषेषांक प्रकाषित किये गये है।

# मांडू उत्सव ने बनाई अपनी व्यापक पहचान-ठाकुर

भोपाल (काप्र) ।

**पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि बहुत कम समय में मांडू उत्सव ने अपनी व्यापक पहचान बनाई है। मांडू पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। मंत्री सुश्री ठाकुर मांडू ( धार ) में मांडू उत्सव के शुभारंभ को संबोधित कर रही थी। मंत्री सुश्री ठाकुर ने कहा कि मांडू उत्सव के माध्यम से हम मांडू और उसके आस-पास के क्षेत्रों की सुंदरता और समृद्ध इतिहास को प्रदर्शित कर रहे हैं। मांडू मालवा क्षेत्र के एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभरेगा। इसमें मांडू उत्सव महत्वपूर्ण साबित होगा।**



औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने कहा कि मांडू उत्सव से मध्यप्रदेश का पर्यटन विभाग मांडू की ऐतिहासिक विरासत को देश व दुनिया के सामने लाने में सफल रहा है। पर्यटक मांडू को विशेष पर्यटन स्थल के रूप में पहचानते है। अब घरेलू पर्यटकों के साथ अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की रुचि मांडू के प्रति बढ़ रही है। यह प्रयास स्थानीय समुदाय को आर्थिक गति प्रदान करेगा। सांसद धार-महू श्री छतर सिंह दरबार भी उपस्थित रहें। मांडू उत्सव 11 जनवरी तक जारी रहेगा।

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आयोजित और ई-फैक्टर एंटरटेनमेंट द्वारा क्यूरेट किए जा रहे पांच दिवसीय मांडू उत्सव में यहाँ की ऐतिहासिक विरासत को प्रदर्शित किया जद्य रहा है। मांडू उत्सव में पर्यटक कई गतिविधियों का लुत्फ उठा सकेंगे। इसमें हॉट एयर बलून की सवारी से लेकर हेरिटेज वॉक , पवित्र रेवा कुंड में शाम को मां नर्मदा आरती से लेकर सूर्योदय योग तक के कार्यक्रम होंगे। साइकिल यात्रा से लेकर स्टोरी टेलिंग के सत्र होंगे। चौथे संस्करण के मांडू महोत्सव में कार्यक्रमों की एक जीवंत श्रृंखला है। स्थानीय स्वाद से जोड़ने के लिए मांडू में फूड जोन बनाया जा रहा है। इसमें आगंतुकों को स्थानीय व्यंजन का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। एक जिला एक उज्पाद के तहत हस्त शिल्प की कला से भी रूबरू होंगे पर्यटक। इसकी खरीदी भी कर सकेंगे।

मांडू उत्सव में स्थानीयता को विशेष महत्व दिया जा रहा है। स्थानीय कलाकार और संस्था जैसे नूपुर कला मंदिर, नव्या चौरसिया, देवराज वशिष्ठ, दीक्षा सोनवलकर, अंजलि सचान, इशिता मुकाती, गुरमीत सिंह डंग, आनंदी लाल भवेल आदि द्वारा उम्दा प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही महोत्सव में 11 जनवरी 2023 की शाम को लोकप्रिय कवि सम्मेलन का आयोजन होंगा।

इस वर्ष मांडू उत्सव में जज़्बा-ए-जुनून, तापी प्रोजेक्ट, मामे खान और तरकश बैंड सहित प्रमुख संगीत बैंडों की प्रस्तुतियों होंगी। जो पर्यटकों को मंत्र-मुग्ध करेंगी। मांडू पश्चिमी मध्य प्रदेश के धार जिले में स्थित है। मांडू अपने झरनों और अविश्वसनीय स्मारकों के लिए जाना जाता है। यहाँ के शानदार दृश्य पर्यटकों को आकर्षित करते है। घने बादल व सुंदर पहाड़ी के बीच एक सुखद व शांतिपूर्ण वातावरण मिलता हैं। मांडू में अफ्रीकी मूल के बाओबाब पेड़ इसकी पहचान है। जो मांडू की इमली के रूप में पहचाने जाते है।

# अन्नानगर में आगः झुग्गी में रखे सिलेंडर से लीक हुई गैस

भोपाल (काप्र) ।

राजधानी भोपाल के अन्नानगर स्थित एक झुग्गी में रखे सिलेंडर से गैस लीक होने से आग लग गई। देखते ही देखते झुग्गी पूरी तरह से जल गई। पास की कुछ झुग्गियों में भी आग फैल गई। आग बढ़ने से रोकने के लिए दमकलकर्मियों ने जलता सिलेंडर नाले में फेंका। इससे आग काबू हो पाई। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आसपास की सभी झुग्गियां पूरी तरह चपेट में आ जाती। मौके पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग भी पहुंचे।



जिस झुग्गी में आग लगी, उसके आसपास बड़ी संख्या में झुग्गियां हैं। ऐसे में भीषण आग लगने का डर था, लेकिन समय पर काबू पाने से सभी ने राहत की सांस ली। मंत्री सारंग ने बताया, गनीमत थी कि झुग्गी में कोई नहीं था। इससे किसी को नुकसान नहीं हुआ। सामान जरूर जल गया है। सर्वे कराएंगे और उचित मुआवजा देंगे। मौके पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने भी आग बुझाने में मदद की। इससे भी आग बढ़ नहीं पाई।

अन्नानगर में लगी आग के बाद चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग मौके पर पहुंचे और सर्वे कराकर मुआवजा देने की बात कहीं।अन्नानगर में लगी आग के बाद चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग मौके पर पहुंचे और सर्वे कराकर मुआवजा देने की बात कहीं। जिस झुग्गी में आग लगी, उसमें कोई नहीं था। इससे परिवार बच गया, लेकिन झुग्गी में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। झुग्गी में आग इतनी भीषण थी कि आग की लपटें 20 फीट तक ऊपर उठ गईं। आग सुबह करीब 11.45 बजे लगी। इसके बाद गोविंदपुरा, पुल बोगदा आदि जगहों से दमकलें और टैंकर मौके पर पहुंचे। करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।

वार्ड क्र .59 (अन्ना नगर) स्थित 3 मकानों में अचानक गैस सिलेंडर फटने से भीषण आग लगने पर तुरंत मौके पर पहुँच कर स्थिति का जाया लिया एवं पीड़ित परीवारों के मुखिया राम शंकर पाल, नरेश कुशवाहा एवं सोमनाथ पाल को त्वरित 10-10 हार की आर्थिक सहायता प्रदान की एवं भविष्य में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

### भेल अग्रवाल समाज की न्र्य ईयर पिकनिक आज होगा बुजुर्गों का सम्मान

भोपाल (काप्र) । भेल अग्रवाल समाज की न्र्य ईयर पिकनिक आज इतवार को धन्वन्तरि पार्क में धर्मधाम से मनाई जाएगी । भेल अग्रवाल समाज के अध्यक्ष आर के गुप्ता एवं महासचिव सुरेश अग्रवाल (एलआईसी) ने जानकारी देते हुए बताया कि इस न्र्य ईयर पिकनिक पर समाज के 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के बुजुर्गों को सम्मानित किया जायेगा । बच्चों के मनोरंजन के लिए उनकी खेलकूद प्रतियोगिताएँ एवं महिलाओं के गेम्स पिकनिक के आकर्षण का केन्द्र होंगे । इस अवसर पर भेल अग्रवाल समाज की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया जाएगा ।

# करणी सेना परिवार का आंदोलन आज, यातायात व्ययस्था परिवर्तित

भोपाल (काप्र) ।

मध्यप्रदेश में 8 जनवरी को माई के लाल का नारा फिर से गूंजेगा। भोपाल के जंबूरी मैदान में करणी सेना परिवार का बड़ा आंदोलन होगा। दावा है कि प्रदेशभर से राजपूत इसमें आएंगे। हालांकि, बसों के परमिट नहीं दिए जाने के आरोप भी लगाए गए हैं। इसके चलते जिलों में आंदोलन हो रहे हैं। 22 सूत्रीय मांगों को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है। इससे पहले 5 जनवरी को सीएम हाउस में क्षत्रिय समागम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंच से कई घोषणाएं कर चुके हैं।

आंदोलन से पहले शनिवार से भूख हड़ताल हो रही है। इसमें पांच-पांच लोगों की टीमें बनी हैं। जंबूरी मैदान में बड़ा पांडाल तैयार किया गया है। करणी सेना के जीवन सिंह शेरपुर ने बताया कि राजपूतों को आंदोलन में शामिल होने से रोका गया तो करणी सेना विधानसभा चुनाव में उतरने से नहीं डरेगी।

करणी सेना परिवार के आंदोलन को कई समाज और संगठनों ने भी समर्थन दिया है। क्षत्रिय समाज के अलग-अलग संगठन इसमें शामिल होंगे। वहीं, दिगंबर जैन समाज, सपाक्स पार्टी आदि ने भी समर्थन किया है। करणी सेना परिवार के अजीत सिंह डोडिया ने बताया कि 8 जनवरी को प्रदेशभर से माई के लाल भोपाल के जंबूरी मैदान में आएंगे। लाखों राजपूत आंदोलन का हिस्सा बनेंगे।

हालांकि, आंदोलन को रोकने के लिए तमाम कोशिशें की जा रही हैं। कई जिलों में बसों के परमिट नहीं दिए जा रहे हैं। इसलिए जिला स्तर पर आंदोलन करना पड़ रहा है।

इसके अलावा बच्चों से लेकर बुजुर्ग पैदल भोपाल आ रहे हैं। हालांकि, वे जहां रुकते हैं, वहां पुलिस लोगों को परेशान कर रही है। इन्दौर की ओर से आने वाले समस्त प्रकार के वाहन खजूरी सड़क, बकानियॉ डिपो होते हुए मुबारकपुर, लाम्बाखेड़ा, चैपड़ा कला, पटेल नगर बायपास, आंनद नगर से जम्बूरी मैदान कट पाईंट का उपयोग करते हुए वाहन पार्किंग में पार्क करेंगे । राजगढ़ (ब्यावरा) की ओर से कार्यक्रम में भाग लेने वाले- समस्त प्रकार के वाहन मुबारकपुर जोड़, लांबाखेडा जोड़, चैपड़ाकला जोड़, पटेल नगर बायपास, आंनद नगर से जम्बूरी मैदान कट पाईंट का उपयोग करते हुए वाहन पार्किंग में पार्क करेंगे । सागर/रायसेन की ओर से आने वाले-समस्त वाहन पटेल नगर चैराहा से आनंद नगर पहुँचेंगे एवं जम्बूरी मैदान में बायी ओर मुड़कर वाहन पार्किंग में पार्क करेंगे ।

होशंगाबाद रोड की ओर से आने वाले-समस्त वाहन 11 मील से आउटर बायपास होकर पटेल नगर चैराहे से बायी ओर मुड़कर आनन्द नगर के आगे जाकर बायी ओर मुड़कर जम्बूरी मैदान पर वाहन पार्किंग में पार्क करेंगे।

जन सभा/जन आंदोलन में शामिल होने वाले भोपाल शहर के समस्त वाहन गोविन्दपुरा टर्निंग से महात्मा गांधी चैराहा से होते हुए अयप्पा मंदिर, गैस गोदाम होकर सेंट जेवियर स्कूल के पास वाहन पार्क कर सकेंगे ।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल, राजस्व शाखा

### कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, आई.एस.बी.टी.

E-mail Id-revenuetax411@gamil.com

क्रमांक 89/रा.वि./2023 **ई-निविदा सूचना** भोपाल, दि. 07.01.2023

नगर पालिका निगम भोपाल के जोन क्रं. 08. वार्ड क्रं. 30 के अंतर्गत ऐसी संपत्तियां जिनके संबंध में बकाया राशि जमा नहीं की गयी हैं, हेतु नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 179 (2) के अधीन विक्रय हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की गई है जो कि अधिकतम प्रीमियम राशि के आधार पर नगर निगम द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तो के अंतर्गत दिये जाने हेतु ई-टैण्डर पद्धति के अन्तर्गत www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की गई है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | ई-निविदा क्रं. | संपत्ति आई.डी. | बकायेदार का नाम | स्थल/संपत्ति का विवरण | निविदा डालने की दिनांक एवं समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD _243008_1 | P0049 02738 | सीताराम यादव | मकान क्रं. 152 ग्राम चूनाभट्टी | 09.01.2023 से 30.01.2023 तक अपरांह 5:30 बजे | 01.02.2023 पूर्वान्ह 11 बजे तक |
| 2 | 2023_UAD _243008_1 | P0049 02734 | बट्टूलाल | मकान क्रं. 148 ग्राम चूनाभट्टी | 09.01.2023 से 30.01.2023 तक अपरांह 5:30 बजे | 01.02.2023 पूर्वान्ह 11 बजे तक |
| 3 | 2023_UAD _243008_1 | P0049 04536 | श्री के.के. श्रीवास्तव | 9 चुना भट्टी भोपाल | 09.01.2023 से 30.01.2023 तक अपरांह 5:30 बजे | 01.02.2023 पूर्वान्ह 11 बजे तक |
| 4 | 2023_UAD _243008_1 | P0000 59774 | नमित/मोनिका/ निमेश जैन | एस-201, एस-202, 203 आर.बी. टावर | 09.01.2023 से 30.01.2023 तक अपरांह 5:30 बजे | 01.02.2023 पूर्वान्ह 11 बजे तक |
| 5 | 2023_UAD _243008_1 | P0049 04537 | रामप्रसाद पटेल | 11/3 पटेल कालोनी चूनाभट्टी भोपाल | 09.01.2023 से 30.01.2023 तक अपरांह 5:30 बजे | 01.02.2023 पूर्वान्ह 11 बजे तक |
| 6 | 2023_UAD _243008_1 | P0049 02602 | जवाहरलाल पटेल पटेल | मकान क्रं. 20 ग्राम चूनाभट्टी | 09.01.2023 से 30.01.2023 तक अपरांह 5:30 बजे | 01.02.2023 पूर्वान्ह 11 बजे तक |
| 7 | 2023_UAD _243008_1 | P0000 68877 | सुमन अग्रवाल | बी 101, न्यू कृषि नगर गृ.नि.सी | 09.01.2023 से 30.01.2023 तक अपरांह 5:30 बजे | 01.02.2023 पूर्वान्ह 11 बजे तक |
| 8 | 2023_UAD _243008_1 | P0049 00445 | मृदुला अग्रवाल | से. सी, से. सी,से.सी/ 4 न्यू कृषि गृह नि | 09.01.2023 से 30.01.2023 तक अपरांह 5:30 बजे | 01.02.2023 पूर्वान्ह 11 बजे तक |
| 9 | 2023_UAD _243008_1 | P0049 00739 | कविता सिंग | 206, प. नं. 206 सागर गार्डन हो. चूना भट्टी | 09.01.2023 से 30.01.2023 तक अपरांह 5:30 बजे | 01.02.2023 पूर्वान्ह 11 बजे तक |
| 10 | 2023_UAD _243008_1 | P0049 02785 | | मकान क्रं. 199 ग्राम चूनाभट्टी | 09.01.2023 से 30.01.2023 तक अपरांह 5:30 बजे | 01.02.2023 पूर्वान्ह 11 बजे तक |
| 11 | 2023_UAD _243008_1 | P0049 04616 | मेना बाई सोमकुवर | शॉप क्र.एफ-4 वेस्टेण्ड प्ला चूनाभट्टी भोपाल | 09.01.2023 से 30.01.2023 तक अपरांह 5:30 बजे | 01.02.2023 पूर्वान्ह 11 बजे तक |
| 12 | 2023_UAD _243008_1 | P0049 02618 | सीताराम यादव | मकान क्रं. 36 ग्राम चूनाभट्टी | 09.01.2023 से 30.01.2023 तक अपरांह 5:30 बजे | 01.02.2023 पूर्वान्ह 11 बजे तक |
| 13 | 2023_UAD _243008_1 | P0049 02776 | | मकान क्रं.190 ग्राम चूनाभट्टी | 09.01.2023 से 30.01.2023 तक अपरांह 5:30 बजे | 01.02.2023 पूर्वान्ह 11 बजे तक |
| 14 | 2023_UAD _243008_1 | P0031 02852 | रजिस्ट्रार सेंट्रार नसींग | एमआईजी-78 ए हर्षवर्धन नगर, भोपाल | 09.01.2023 से 30.01.2023 तक अपरांह 5:30 बजे | 01.02.2023 पूर्वान्ह 11 बजे तक |
| 15 | 2023_UAD _243008_1 | P0031 02849 | रजिस्ट्रार सेंट्रल नसींकाउन्सिलिग | एमआईजी-76 हर्षवर्धन नगर, भोपाल | 09.01.2023 से 30.01.2023 तक अपरांह 5:30 बजे | 01.02.2023 पूर्वान्ह 11 बजे तक |
| 16 | 2023_UAD _243008_1 | 1E+09 | करन सिंह | खसरा क्रं.73/2/2 ग्राम चूनाभट्टी कोलार रोड भो. | 09.01.2023 से 30.01.2023 तक अपरांह 5:30 बजे | 01.02.2023 पूर्वान्ह 11 बजे तक |
| 17 | 2023_UAD _243008_1 | P0000 46570 | विशाल | चूनाभट्टी | 09.01.2023 से 30.01.2023 तक अपरांह 5:30 बजे | 01.02.2023 पूर्वान्ह 11 बजे तक |
| 18 | 2023_UAD _243008_1 | P0000 46575 | मृत्युंजेय | चूनाभट्टी | 09.01.2023 से 30.01.2023 तक अपरांह 5:30 बजे | 01.02.2023 पूर्वान्ह 11 बजे तक |

निविदा प्रपत्र, अनिवार्य शर्ते एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल www.mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी। **नोट**:- ऑनलाईन, ई-निविदा में समस्या होने पर ईमेल, andleeb.warsi@bmconline.gov.in पर मेल करें, अथवा मोबाईल नंबर-9424499944 पर संपर्क करें।

**नि. क्र. 1236/022/023** **जोनल अधिकारी, जोन क्रमांक 08, नगर निगम, भोपाल**